# राजकीय महाविद्यालय, गोगुन्दा

## उदयपुर (राज.)

## <u>विवरणिका</u>

## (Prospectus)

## 2022-23

राजकीय महाविद्यालय,गोगुन्दा

उदयपुर (राज.)

E-Mail: gcgogunda@gmail.com

Ph. No.: 0295-6294077

# विवरणिका

# (Prospectus)

## 2022-23

इस विवरणिका में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर व महाविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का संदर्भ दिया गया है। इन नियमों में संबन्धित प्राधिकारियों द्वारा समय–समय पर परिवर्तन किये जा सकते है। इन परिवर्तनों की सूचना महाविद्यालय सूचना पट्ट पर लगा दी जाती है। विद्यार्थियो को सजग होकर इनकी जानकारी करते रहना चाहिए। नियमों की विस्तृत जानकारी हेतु राज्य सरकार/विश्वविद्यालय के नियमों/आदेशों का अध्ययन करते रहें एवं महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

### आवश्यक सूचना

अभ्यर्थी सभी सम्बन्धी दस्तावेजों की छायाप्रतियां स्वयं के हस्ताक्षर करके (स्व–प्रमाणित) जमा कराएं।

**राजकीय महाविद्यालय,गोगुन्दा**

**उदयपुर (राज.)**

E-Mail: gcgogunda@gmail.com

यद्यपि इस विवरणिका में सभी सरकारी आदेशों/नियमों/सूचनाओं को संकलित करने में पूर्ण सावधानी रखी गई है, फिर भी कोई त्रुटि होने पर मूल आदेशों/नियमों/सूचनाओं को ही सही माना जाये। विवरणिका में किसी संशोधन की स्थिति में जानकारी महाविद्यालय सूचना पटट पर लगा दी जायेगी। जिसकी जानकारी प्राप्त करने की जिम्मेदारी स्वयं प्रवेशार्थी की होगी। विद्यार्थिया से अपेक्षा है कि प्रतिदिन महाविद्यालय सूचना पटट् का अवलोकन करते रहे।

## विवरणिका समिति

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. सबा अगवानी | सहायक आचार्य<br>भूगोल | संयोजक |
| श्री सरोज कुमार | व्याख्याता (RVRES)<br>राजनीति विज्ञान | सदस्य |
| श्री शंकरलाल ढोली | सहायक आचार्य<br>अंगजी | सदस्य |

**प्राचार्य**
**राजकीय महाविद्यालय, गोगुन्दा**
**उदयपुर (राज.)**

# प्राचार्य संदेश

प्रिय विद्यार्थियों,

महाराणा प्रताप के राजतिलक–स्थल गोगुन्दा की इस पावन धरा पर महाविद्यालय के नवीन सत्र 2022–23 में आप सभी का स्वागत है। यह महाविद्यालय वर्ष 2016 में प्रारम्भ हुआ है और अत्यल्प अवधि में ही महाविद्यालय ने हर क्षेत्र म अपनी सकारात्मक पहचान बनानी शुरु कर दी है। सीमित संसाधनों के बावजूद विधार्थियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे नवीन आयाम स्थापित करने की दिशा में अग्रसर ह। हमें यह आशा ही नही किन्तु विश्वास है कि इस महाविद्यालय में अध्ययनरत विधार्थी समाज में दायित्ववान नागरिक होने का अद्‌भुत उदाहरण प्रस्तुत करेंगें।

विद्यार्थियों! यह महाविद्यालय एक परिवार की भांति है। आपको यहा श्रेष्ठ भौतिक और सह–शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। नियमित अध्ययन करें क्योंकि 75 प्रतिशत उपस्थिति न होने पर नियमानुसार वार्षिक परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है।

महाविद्यालय से संबधित एवं अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु आप मुझ से सम्पर्क कर सकते है। महाविद्यालय का एकमेव लक्ष्य है कि गुणात्मक उच्च शिक्षा देते हुए जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण हो।

शुभकामनाओं सहित।

**कार्यवाहक प्राचार्य**

**(डॉ नवीन कुमार झा)**

# महाविद्यालय का संक्षिप्त विवरण

महाराणा प्रताप की राजतिलक स्थली गोगुन्दा में सत्र 2016–17 मे राजकीय महाविद्यालय गोगुन्दा की स्थापना हुई। प्रारंभ में यह महाविद्यालय महिला एवं बाल विकास के कार्यालय परिसर में संचालित था और वर्तमान में महाविद्यालय नवनिर्मित भवन धोलीघाटी काछबा, गोगुन्दा में संचालित है।

यह राजकीय महाविद्यालय मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से सम्बद्ध है तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के नियन्त्रण म होने के कारण यहा राजकीय निर्देशा का पालन किया जाता है। यह महाविद्यालय जनजातीय उपयोजना क्षेत्र में अवस्थित है। महाविद्यालय मे स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तगर्त निम्नलिखित विषयो – हिन्दी साहित्य, संस्कृत, अग्रेंजी साहित्य, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान एवं गृह विज्ञान में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। कक्षाओं का नियमित संचालन एवं पाठ्यक्रमा की समय पर सम्पूर्ति यहां की विशेषता है।

सह–शैक्षणिक गतिविधियों के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं के लिए साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में 'ट्रैफिक–क्लब' एवं 'मानवाधिकार क्लब' के अन्तगर्त भी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई संचालित है। इनके अतिरिक्त स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी संचालित हाते है।

यह महाविद्यालय विधार्थियों के सर्वांगींण विकास हेत् कृत संकल्प है।

## कार्यवाहक प्राचार्य – डॉ. नवीन कुमार झा

## संकाय सदस्य

## कला संकाय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. नवीन कुमार झा | सह आचार्य, संस्कृत |
| 2. | डॉ. सबा अगवानी | सहायक आचार्य, भूगोल |
| 3. | श्री सरोज कुमार | व्याख्याता (RVRES),राजनीति विज्ञान |
| 4. | श्री शंकरलाल ढोली | सहायक आचार्य, अंग्रेजी |

## कार्यालय स्टाफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. संजीव भटनागर | पुस्तकालयाध्यक्ष |
| 2. | श्री ख्याली लाल माली | अति. प्रशासनिक अधिकारी |
| 3. | डॉ. कृष्णा भाटी | शोध सहायक |
| 4. | श्रीमती रक्षिता शर्मा | लिपिक ग्रेड प्रथम |
| 5. | श्री दौलाराम चौधरी | प्रयोगशाला सहायक |
| 6. | श्री खुशहाल चौबीसा | कनिष्ठ सहायक |
| 7. | श्री युगल किशारे प्रजापत | प्रयोगशाला वाहक |

# प्रथम वर्ष प्रवेश प्रकिया

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ जाकर ऑनलाइन आवेदन करें। इस हेतु नियम व शर्तें आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा जारी प्रवेश नीति 2022–23 में उपलब्ध है। राजकीय महाविद्यालय गोगुन्दा में उपलब्ध विषय समूह व संयोजन निम्न प्रकार है।

**ऐच्छिक विषयः–**

1. हिन्दी साहित्य
2. अंग्रेजी साहित्य
3. भूगोल
4. इतिहास
5. गृह विज्ञान
6. राजनीति विज्ञान
7. संस्कृत

**अनिवार्य विषयः–**

प्रथम वर्ष कला – 1. सामान्य अगेंजी
2. पर्यावरण अध्ययन

द्वितीय वर्ष कला – 1. सामान्य हिन्दी
2. कम्प्यूटर एप्लीकेशन

**विषय समूहः–**

| कम संख्या | विषय समूह | विषय |
|---|---|---|
| 1. | A | अंग्रेजी साहित्य |
| 2. | B | राजनीति विज्ञान |
| 3. | C | हिन्दी साहित्य |
| 4. | D | भूगोल |
| 5. | E | इतिहास |
| 6. | F | संस्कृत,गृह विज्ञान |

**विषय संयोजनः—**

| क्रम संख्या | प्रथम विषय | द्वितीय विषय | तृतीय विषय |
|---|---|---|---|
| **1.** | भूगोल | हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य |
| **2.** | भूगोल | इतिहास | अंग्रेजी साहित्य |
| **3.** | भूगोल | इतिहास | हिन्दी साहित्य |
| **4.** | भूगोल | इतिहास | गृह विज्ञान |
| **5.** | भूगोल | गृह विज्ञान | अंग्रेजी साहित्य |
| **6.** | भूगोल | राजनीति विज्ञान | अंग्रेजी साहित्य |
| **7.** | भूगोल | राजनीति विज्ञान | हिन्दी साहित्य |
| **8.** | भूगोल | राजनीति विज्ञान | इतिहास |
| **9.** | भूगोल | राजनीति विज्ञान | गृह विज्ञान |
| **10.** | हिन्दी साहित्य | भूगोल | गृह विज्ञान |
| **11.** | हिन्दी साहित्य | इतिहास | गृह विज्ञान |
| **12.** | इतिहास | हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य |
| **13.** | इतिहास | गृह विज्ञान | अंग्रेजी साहित्य |
| **14.** | राजनीति विज्ञान | हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य |
| **15.** | राजनीति विज्ञान | इतिहास | अंग्रेजी साहित्य |
| **16.** | राजनीति विज्ञान | इतिहास | हिन्दी साहित्य |
| **17.** | राजनीति विज्ञान | इतिहास | गृह विज्ञान |
| **18.** | राजनीति विज्ञान | गृह विज्ञान | अंग्रेजी साहित्य |
| **19.** | संस्कृत | भूगोल | अंग्रेजी साहित्य |
| **20.** | संस्कृत | भूगोल | हिन्दी साहित्य |
| **21.** | संस्कृत | भूगोल | इतिहास |
| **22.** | संस्कृत | भूगोल | राजनीति विज्ञान |
| **23.** | संस्कृत | इतिहास | अंग्रेजी साहित्य |
| **24.** | संस्कृत | इतिहास | हिन्दी साहित्य |
| **25.** | संस्कृत | राजनीति विज्ञान | अंग्रेजी साहित्य |
| **26.** | संस्कृत | राजनीति विज्ञान | हिन्दी साहित्य |
| **27.** | संस्कृत | राजनीति विज्ञान | इतिहास |

# विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन

**अनुशासन**

महाविद्यालय मे किसी भी प्रकार का कोलाहल या शोर गुल इसकी शांतिपूर्ण शालीनता के विरुद्ध है। कोई भी इसकी शान्ति एवं मर्यादा को न तो भंग करने का प्रयास करें और न ही करने दें। शालीनता भंग करते हुए पाये जाने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। कक्षा में फर्नीचर को व्यवस्थित रहने दें। उसे अस्त व्यस्त या क्षतिग्रस्त न करें। पंखों, दरवाजों, खिडकियों आदि को क्षतिग्रस्त न करें। कागज आदि महाविद्यालय परिसर में फेंककर गन्दगी न फैलाये। दीवारों पर इश्तहार चिपकाकर, कुछ लिखकर या पान पीक आदि से अपने चरित्र का भद्‌दा प्रदर्शन कदापि न करें। ऐसा करते हुए पाये जाने पर दोषी विद्यार्थियो पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

मादक द्रव्यों का सेवन करते हुए पाये जाने पर दोषी विद्यार्थियों को तुरन्त महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है। महाविद्यालय में गुरुजनों एवं कर्मचारियों के प्रति आपका व्यवहार आदरसूचक एवं भद्रतापूर्ण होना चाहिए। इसके विपरीत आचरण मिलन पर आप पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायगी।

**रैगिंग**

रैगिंग करते हुए पाये जाने वाले विद्यार्थी पर यूजीसी एवं उच्चतम न्यायालय के नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा किये गये अप्रेल 1999 के निर्णयानुसार छात्र/छात्रा उत्पीड़न एक गंभीर अपराध है। इसमें दोषी पाये जाने वाले छात्र/छात्रा को उक्त निर्णयानुसार महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय से तुरन्त निष्कासित किया जायेगा। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि उन्हें किसी भी तरह के उत्पीडन के प्रयास या घटना की कोई जानकारी मिले तो वे तुरन्त महाविद्यालय प्रशासन का सूचित करें।

**उपस्थिति**

महाद्यिालय का सत्र प्रारम्भ होते ही कक्षाएं 01.07.2022 से प्रारम्भ हो जायेगी। समस्त संकायों में कक्षाए समय चक्रानुसार लगती है। विद्यार्थियों को सूचना पट्‌ट से समय सारिणी देखकर अपनी कक्षाओं में नियमित अध्ययन के लिए उपस्थित रहना है। परीक्षा में बैठने की अनुमति तभी दी जायेगी, जब विद्यार्थी प्रत्येक विषय/प्रश्न पत्र में 75 प्रतिशत उपस्थिति रखता हो। उपस्थिति की गणना कक्षा आरम्भ होने के प्रथम दिन से की जायेगी। सूचना पट्‌ट को प्रतिदिन देख लेना आपके हित में है।

**परिचय पत्र**

विद्यार्थी अपना महाविद्यालय परिचय पत्र सदा अपने साथ रखें। यही आपके नियमित विद्यार्थी हाने की प्रामाणिक पहचान है। प्रवेश के समय या पुस्तकालय से पुस्तक निकलवाते समय अथवा पहचान प्रमाणित करने हेतु परिसर में इसे कभी भी दिखाने की जरुरत पड़ सकती है। विद्यार्थी स्टॉफ रुम, प्राचार्य रुम, कार्यालय के सामने अनावश्यक रुप से न घूमें। परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में डुप्लीकेट परिचय पत्र जारी कराने हेतु विद्यार्थी को शपथ पत्र के साथ इसका र्निधारित शुल्क पचास रुपये जमा कराना होगा।

## प्रवेश समिति 2022–23

डॉ. सबा अगवानी, सहायक आचार्य भूगोल — नोडल अधिकारी

### प्रथम वर्ष कला

1. डॉ. सबा अगवानी, सहायक आचार्य भूगोल — प्रभारी
2. डॉ. कृष्णा भाटी, शोध सहायक — सदस्य

### द्वितीय वर्ष कला

1. श्री शंकरलाल ढोली — प्रभारी
2. श्री दौलाराम चौधरी, प्रयोगाशाला सहायक — सदस्य

### तृतीय वर्ष कला

1. श्री सरोज कुमार,व्याख्याता (RVRES),राजनीति विज्ञान — प्रभारी
2. श्री खुशहाल चौबीसा, कनिष्ठ सहायक — सदस्य